**जलभराव** | बिलगांव में बंद नाली बनी आफत, स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को हो रही परेशानी

# पुलिया पर 3 फीट जलभराव से आवागमन ठप



**शहपुरा नवभारत 25 जुलाई।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलगांव में शंकरगंज से टिकरा मोहल्ला जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों गंभीर जलभराव की समस्या से जूझ रहा है।

पुलिया के ऊपर बनी नाली बंद होने से पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है, जिसके कारण सड़क पर दो से तीन फीट तक पानी जमा है। इससे स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और मवेशियों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है तथा हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

### ग्रामीणों में नाराजगी

बिलगांव निवासी रामखेलावन साहू ने बताया कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को रोजाना घुटनों तक भरे पानी से होकर स्कूल जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है। ग्रामीण धनेंद्र साहू ने बताया कि मामले की शिकायत ग्राम पंचायत, तहसील कार्यालय तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी की जा चुकी है। तहसील से पटवारी द्वारा मौके का निरीक्षण भी किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

**पानी का प्राकृतिक बहाव रुक गया**

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत द्वारा नाली निर्माण के बाद पुलिया के ऊपर की नाली को कुछ लोगों ने बंद कर दिया, जिससे पानी का प्राकृतिक बहाव रुक गया और सड़क पर स्थायी जलभराव की स्थिति बन गई। ग्रामीणों का कहना है कि पहले इस मार्ग पर कभी ऐसी समस्या नहीं होती थी, लेकिन नाली बंद होने के बाद हालात लगातार बिगड़ते चले गए।

### जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह समस्या और विकराल हो गई है। सड़क-पुलिया पर जलभराव रहने से आमजन, विद्यार्थी और पशुओं का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नाली को तत्काल खुलवाकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए तथा यदि किसी ने जानबूझकर नाली अवरुद्ध की है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# दो बाइकों की भिड़ंत में 3 युवकों की मौत



**कचनारी के पास भीषण सड़क हादसा**

**डिंडौरी, नवभारत 25 जुलाई।** डिंडौरी-मंडला राष्ट्रीय राजमार्ग-543 पर कचनारी गांव के पास शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर इतनी भयावह थी कि तीनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, रामकुमार और प्रेम मलगाम, दोनों ग्राम कुकर्रा के निवासी थे और मोटरसाइकिल से कुकर्रा की ओर से डिंडौरी आ रहे थे। वहीं रोहित साहू डिंडौरी से कठोतिया की ओर जा रहा था। कचनारी गांव के समीप दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।

### पुलिस ने जांच शुरू की

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार हादसे का प्रमुख कारण

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है तथा मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की है।

# डंडे से सिर फोड़ कर बेखौफ घूम रहे आरोपी

**पुलिस से की गई कार्रवाई की मांग**



**चिल्हारी नवभारत 25 जुलाई।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम मुगवानी में कुसुम चतुर्वेदी अपने पति केशव चतुर्वेदी के साथ अपने घर के बगल में बाडी लगा रहे थे, उसी समय पड़ोस में रहने वाले राजेंद्र चतुर्वेदी, वीरेश चतुर्वेदी ने आवेदिका के सिर में लाठी डंडे से वार कर महिला एवं उसके पति दोनों को घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके वारदात से फरार हो गए।

घायल अवस्था में दोनों पति-पत्नी पुलिस थाना इन्दवार जाकर अपनी रिपोर्ट लिखाई रिपोर्ट में फरियादिया के कथनानुसार रिपोर्ट नहीं लिखी गई और न ही किसी प्रकार की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक से अपील है कि उपरोक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए घटना की विवेचना कराई जाये एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाये।

# ग्राम पंचायत चन्सुरा चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

**सचिव ने सगे संबंधियों को करा दिया भुगतान**




**मानपुर नवभारत 25 जुलाई।** उमरिया जिले के जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चन्सुरा में सीसी रोड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी। इसकी लागत राशि 3 लाख 69 हजार है। योजना पांचवा राज्य वित्त आयोग स्वीकृति 1 अप्रैल 2025 को मिली थी।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चन्सुरा के सचिव राजभान मिश्रा के भतीजे वेद प्रकाश मिश्रा हैं और उन्हीं को 72 हजार 680 रुपये का एक बिल, 1 लाख 54 हजार दो सौ पैतालिस रुपये का दूसरा बिल, 72 हजार 6 सौ 90 रुपये का तीसरा बिल, 6 हजार 396 रुपये का चौथा बिल का भुगतान करा दिया गया है।

### मिलीभगत से चल रहा खेल

गाइडलाइन के अनुसार अपने सगे संबंधियों को किसी भी तरह से न तो योजना का लाभ दे सकते हैं और न ही शासकीय भुगतान करा सकते हैं, लेकिन ग्राम पंचायत चन्सुरा के सरपंच, सचिव एवं इंजीनियर की मिलीभगत से सचिव के सगे भतीजे वेद प्रकाश मिश्रा को ही भुगतान करा दिया गया है, जो कि जांच का विषय है।

### जांच की मांग

इस संबंध में ग्राम पंचायत चन्सुरा के सरपंच सचिव एवं इंजीनियर से फोन पर संपर्क कर जानकारी चाहने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। कलेक्टर राखी सहाय, जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया से जनापेक्षा है कि ग्राम पंचायत चन्सुरा में हुए भुगतान की जांच की जाए।

### आज तक नहीं लगा निर्माण एजेंसी का बोर्ड

निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पहले ही निर्माण एजेंसी का बोर्ड लगाना चाहिए, जिससे यह पता चल सके कि यह निर्माण कितने लागत राशि का है, निर्माण एजेंसी कौन है और मद कौन सा है, लेकिन सभी नियमों को रौदते हुए अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं।

# शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करायें

**जिला शिक्षा अधिकारी ने शैक्षणिक व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



**चिल्हारी नवभारत 25 जुलाई।** जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपुर और भरेवा का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं के नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति योजना, शिक्षकों की दैनिक डायरी तथा शिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया गया। उन्होंने कक्षाओं मे पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद भी किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने, पात्र विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तक, साईकिल और छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने, दैनिक डायरी नियमित रखने तथा गुणवत्तापूर्ण और रुचिकर शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# पड़खुरी में नाली निर्माण कार्य में धांधली का आरोप

**मनमाने बिल भुगतान को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश**




**चिल्हारी नवभारत 25 जुलाई।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत अंतिम छोर स्थित ग्राम पंचायतों में किस कदर मनमानी और विकास कार्यो मे धांधली की जा रही है इसका जीता जागता उदाहरण जनपद पंचायत मानपुर की ग्राम पंचायत पड़खुरी एवं ग्राम पंचायत उमरिया बकेली मे देखा जा सकता है।

जिले के अंतिम छोर में स्थित जनपद पंचायत मानपुर की ग्राम पंचायत पड़खुरी एवं गाम पंचायत उमरिया बकेली मे नाली निर्माण कार्य पी एम आवास पशु सेंड सड़क निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता करने का आरोप है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच-सचिव ने स्टीमेट और नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से कार्य करा रहे हैं।

### रेत की जगह किया जा रहा डस्ट का उपयोग

निर्माण कार्यो मे रेत की जगह अधिकांशत: डस्ट का उपयोग जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में न तो तकनीकी मापदंडों का पालन किया गया और न ही भंडार एवं क्रय नियमों का पालन किया गया।इतना ही नही अपने चहेतों के नाम बिल भुगतान कर सरकारी राशि को खुर्दबुर्द कर जेबें भरने के भी आरोप है।

**विकास के नाम पर हो रहा भ्रष्टाचार**

सरपंच सचिव एवं सब इन्जीनियरों द्वारा मिली भगत कर विकास के नाम पर खुला भ्रष्टाचार किया जा रहा है सरपंच सचिव के साथ साथ उप यंत्री भी दोषी है इनके द्वारा कमीशन के चक्कर में विकास के कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं। कलेक्टर से निरीक्षण कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

**इनका कहना है**

कौन कहता है कि काम ठीक नही है, आरोप निराधार है। पूरा काम सही तरीके से चल रहा है।

**सोमचन्द रजक, सरपंच-ग्राम पंचायत पड़खुरी**

मैं थोड़ी काम में व्यस्त हूं। आपसे बाद में बात करूंगा।

**राजाराम पटेल, सचिव-ग्राम पंचायत पड़खुरी**

तीन-चार दिनों से मेरा स्वास्थ्य ठीक नही है, इसलिए गया नही। मैं काम दिखवा लेता हूं।

**प्रमोद खरे, उपयंत्री**

मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जाएगी, जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अंकित सिरोठिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर**

**यू-डाईस, अपार आईडी और कक्षा-1 नामांकन में जिला अव्वल**

# डिण्डौरी ने कई श्रेणियों में हासिल किया प्रथम स्थान

**डिण्डौरी, नवभारत 25 जुलाई।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के सतत मार्गदर्शन, नियमित समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते डिण्डौरी जिले ने शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं में प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अपने नाम की हैं।


जिले ने यू-डाईस, स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन, अपार आईडी निर्माण तथा कक्षा-1 नामांकन जैसे प्रमुख मानकों पर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शिक्षा विभाग के अनुसार जिले में यू-डाईस स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन की ऑनलाइन फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया, जिसके आधार पर डिण्डौरी प्रदेश में पहले स्थान पर रहा।

**मेंहदवानी व शहपुरा द्वितीय स्थान पर रहा-** शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के कार्य में भी जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रदेश के 322 विकासखंडों में अपार आईडी निर्माण की प्रगति के आधार पर डिण्डौरी जिले का मेंहदवानी विकासखंड प्रथम तथा शहपुरा विकासखंड द्वितीय स्थान पर रहा, जिससे जिले की उपलब्धि और अधिक गौरवपूर्ण बन गई।

**2,615 विद्यार्थियों का किया नामांकन-** कक्षा-1 में नामांकन के क्षेत्र में भी जिले ने उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। गत वर्ष 11,794 विद्यार्थियों के नामांकन की तुलना में इस वर्ष 12,615 विद्यार्थियों का प्रवेश दर्ज किया गया, जो 107 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ रहा।

**कलेक्टर ने पूरी टीम को दी बधाई-** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षा विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं जिला प्रोग्रामर द्वारा प्रतिदिन रिपोर्ट के आधार पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सतत समीक्षा और तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण से यह सफलता संभव हुई है।

# जनपद सदस्य ने ग्रामीणों के सहयोग से कुएं में गिरे बछड़े की बचाई जान



**चिल्हारी उमरिया।** जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के बेल्दी हार क्षेत्र में एक बछड़ा अचानक खुले कुएं में गिर गया। घटना की जानकारी मनोन्स प्रजापति ने दी जनपद सदस्य विजय द्विवेदी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

काफी प्रयास के बाद रस्सियों और ग्रामीणों की सामूहिक मदद से बछड़े को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला गया। बछड़े के सुरक्षित बाहर आते ही वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली और जनपद सदस्य विजय द्विवेदी तथा सभी सहयोगी ग्रामीणों की सराहना की अभी अभी की तत्काल की घटना है। इस मानवीय कार्य ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि संकट की घड़ी में सामूहिक प्रयास और संवेदनशीलता से किसी भी जीव का जीवन बचाया जा सकता है। जनपद सदस्य विजय द्विवेदी की तत्परता और ग्रामीणों के सहयोग की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है।

# एटीएम बदल शिक्षिका से 38 हजार की ठगी

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर स्थित एसबीआई एटीएम में जालसाज ने एक शिक्षिका का एटीएम कार्ड बदलकर 38,500 रुपये पार कर दिए। पुलिस ने बताया कि पटेल नगर निवासी शिक्षिका शिवानी शर्मा (45) अपनी सास के कार्ड से पैसे निकालने गई थीं। उन्होंने 1500 रुपये निकाले, तभी वहां खड़े 30-35 वर्षीय अज्ञात युवक ने कहा कि ट्रांजैक्शन अधूरा है, आप दोबारा पिन डालें। महिला ने जैसे ही पिन डाला, आरोपी ने नंबर देख लिया और नजर बचाकर असली एटीएम कार्ड निकालकर उन्हें सुरेन्द्र कुमार नामदेव के नाम का फर्जी कार्ड थमा दिया।

# नियमित योग कक्षाओं का किया जाएगा विस्तार

**पतंजलि के पांचों संगठनों की मासिक बैठक आयोजित**



**डिंडौरी, नवभारत 25 जुलाई।** पतंजलि योग समिति के पांचों संगठनों की मासिक बैठक रविवार को किशोरी की बगिया में आयोजित की गई। बैठक में पांचों संगठनों के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं योग साधकों की सक्रिय उपस्थिति रही।

बैठक में योग एवं आयुर्वेद के व्यापक प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज एवं आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण के 'स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वार्ड, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक नियमित योग कक्षाओं का विस्तार करने का निर्णय लिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़कर निरोगी जीवन का लाभ उठा सकें।

**डायबिटीज क्योर शिविर आयोजित करने पर विचार-** इस दौरान सायंकालीन योग कक्षाएं प्रारंभ करने, 21 दिवसीय डायबिटीज क्योर शिविर एवं फैट एंड ग्लो शिविर आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस के अवसर पर पौधरोपण एवं यज्ञ कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में संगठन को अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने तथा सनातन पारंपरिक चिकित्सा पद्धति, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के लिए समाज को प्रेरित करने पर विशेष बल दिया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक की अध्यक्षता पतंजलि योग समिति के संरक्षक पीएन अवस्थी, भारत स्वाभिमान के संरक्षक एनएस पटेल, महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी ममता शुक्ला, रेखा सोनी, सविता सिहारे, राजश्री बिलैया, राजेश वर्मन, राकेश सिहारे, गणेश सोनी, शरद छावड़ा एवं अनिल अवधिया की उपस्थिति में संपन्न हुई।

**विरोध** | काम बंद करने की चेतावनी, भावना चौहान की बहाली की मांग

# जिला चिकित्सालय में निलंबन के विरोध में नर्सिंग ऑफिसरों का अल्टीमेटम



**डिण्डौरी, नवभारत 25 जुलाई।** जिला चिकित्सालय डिण्डौरी में पदस्थ नर्सिंग ऑफिसर भावना चौहान के निलंबन के विरोध में समस्त नर्सिंग ऑफिसरों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया है।

नर्सिंग स्टाफ ने चेतावनी दी है कि यदि निलंबन आदेश वापस नहीं लिया गया तो वे 25 जुलाई से काम बंद आंदोलन शुरू करेंगे। ज्ञापन में नर्सिंग ऑफिसरों ने बताया कि 22 जुलाई को जिला चिकित्सालय के आपातकालीन कक्ष में चूहामार दवा सेवन करने वाले एक मरीज को भर्ती कराया गया था।

**चिकित्सक के आदेश पर कार्य किया-** चिकित्सक के निर्देश पर मरीज के पेट की सफाई (गैस्ट्रिक लैवेज) की प्रक्रिया कराई गई। उनका कहना है कि संबंधित नर्सिंग ऑफिसर ने चिकित्सक के आदेशानुसार ही अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया और उपचार के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर घर चला गया।

**जांच किए बिना ही कर दिया निलंबित**

नर्सिंग स्टाफ का आरोप है कि घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद तथ्यों की समुचित जांच किए बिना नर्सिंग ऑफिसर भावना चौहान को निलंबित कर दिया गया। इससे जिले के सभी नर्सिंग ऑफिसरों में भय और असंतोष का माहौल है।

### सेवा नियमों के अनुरूप कार्य किया

ज्ञापन में कहा गया है कि नर्सिंग ऑफिसर का दायित्व चिकित्सक के निर्देशों का पालन करना होता है। उन्होंने दावा किया कि संबंधित नर्सिंग ऑफिसर ने निर्धारित प्रोटोकॉल एवं सेवा नियमों के अनुरूप कार्य किया है और उनके द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई।

### कार्रवाई तत्काल निरस्त करने की मांग

नर्सिंग ऑफिसरों ने कलेक्टर से मांग की है कि बिना जांच की गई निलंबन की कार्रवाई तत्काल निरस्त कर भावना चौहान को पुन: कार्य पर बहाल किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में जिला चिकित्सालय के समस्त नर्सिंग ऑफिसर काम बंद आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



# बरगांव में विद्यार्थियों का किया गया दंत परीक्षण

**नि:शुल्क दंत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित**

**शहपुरा नवभारत 25 जुलाई।** बरगांव स्थित नर्मदांचल विद्यापीठ में नर्सरी से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क दंत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मंडला के दंत चिकित्सक डॉ. शिवम पटेल ने बच्चों के दांतों एवं मुख का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया।

डॉ. पटेल ने विद्यार्थियों को दांतों की नियमित सफाई, संतुलित आहार और मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने, अधिक मीठे खाद्य पदार्थों से बचने तथा समय-समय पर दंत चिकित्सक से जांच कराने की सलाह दी। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए बेहद उपयोगी हैं।

**दंत स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील-** प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों से नियमित रूप से दंत स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने डॉ. शिवम पटेल का आभार व्यक्त करते हुए शिविर के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही।